Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 105 रायपुर, शनिवार 10 मई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

एक सफल अधिकारी वही होता है जो पहल करता है, संवाद करता है और समाधान तक पहुँचता है : साय

साय ने महासमुंद, गरियाबंद और बलौदाबाज़ार-भाटापारा जिले के अधिकारियों की बैठक ली

रायपुर, 10 मई (हाईवे चैनल)। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विभिन्न जिलों के गांवों का आकस्मिक निरीक्षण और समाधान शिविरों का दौर जारी है जहाँ आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत होकर वे समीक्षा बैठक भी ले रहे हैं। आज इसी कड़ी में मुख्यमंत्री साय ने महासमुंद जिला मुख्यालय में महासमुंद, गरियाबंद और बलौदा बाज़ार के कलेक्टर-एसपी, डीएफओ सहित अन्य अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और उन के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की इन जिलों में क्रियान्वयन की समीक्षा की। मुख्यमंत्री साय ने ज़ोर दिया कि जिलों में आमजनों के हित को सर्वोपरि रख कलेक्टर-एसपी नियमित भ्रमण कर उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ जन संवाद को मजबूत करना है। हमारे संवेदनशील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हमेशा जनता के दुख दर्द को

■ सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों औरके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली

कम करने जनता तक पहुंचने को कहते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी ऊर्जा, प्रतिबद्धता और विनम्रता के साथ लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें और अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समीक्षा बैठकों में यह स्पष्ट हुआ है कि जो अधिकारी क्षेत्र में अधिक सक्रिय रहते हैं, उन्हें जनसमस्याओं की गहरी समझ रहती है। एक सफल अधिकारी वही होता है, जो पहल करता है, संवाद करता है और समाधान तक पहुँचता है। मुख्यमंत्री साय ने गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन को पेयजल की सुलभ एवं सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि मार्च 2026 तक तीन साल से अधिक लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का निपटारा सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। लोगों को पक्का आवास देने की इस योजना के क्रियान्वयन में कोई कोताही ना बरती जाये। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधोसंरचना निर्माण कार्यों में आने वाली दिक्कतों को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने ऐसे जिलों को जहाँ 10-12 वीं बोर्ड के नतीजे संतोषजनक नहीं आए हैं वहाँ ज्यादा बेहतर नतीजे लाने पर ध्यान देने कहा। बैठक में सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, राजिम विधायक रोहित साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजू एस, रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे, पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

नवा रायपुर में प्रस्तावित होलसेल कॉरिडोर रद्द

रायपुर, 10 मई (हाईवे चैनल)। नवा रायपुर अटल नगर में प्रस्तावित 'होलसेल कॉरिडोर' प्रोजेक्ट पर फिलहाल ब्रेक लग गया है. पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में तैयार किए गए होलसेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट को निरस्त किया जा चुका है. होलसेल कॉरिडोर निर्माण के लिए अब नए सिरे से प्रोजेक्ट तैयार किया जाएगा. नवा रायपुर में बसाहट, निवेश व वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए होलसेल कॉरिडोर विकसित करने का निर्णय लिया गया था. पूर्व में 'होलसेल कॉरिडोर' के लिए नवा रायपुर में 1083 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई थी और इसका भू-उपयोग परिवर्तन किया जा चुका था. 'होलसेल कॉरिडोर' को दक्षिण एशिया व देश का सबसे बड़ा थोक व्यावसायिक बाजार बनाने की योजना थी. पूर्ववर्ती सरकार द्वारा होलसेल कॉरिडोर में 540 रुपए वर्गफीट में व्यवसायियों को भू-खंड आवंटित करने तथा इसके निर्माण में अतिरिक्त राशि राज्य सरकार द्वारा खर्च किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था.

540 रुपए वर्गफीट में जमीन देने का भी था प्रस्ताव

बताया गया है कि पूर्ववर्ती सरकार के इस निर्णय पर वर्तमान भाजपा सरकार सहमत नहीं है और भूखंड आवंटन की प्रक्रिया को भी निरस्त कर दिया गया है. नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा नवा रायपुर में नीलामी के जरिए जमीन का आवंटन किए जाने का प्रावधान है. जबकि होलसेल कॉरिडोर के लिए भू-खंडों की दर निर्धारित की गई थी. नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की ओर से नवा रायपुर क्षेत्र में सड़क, नाली, बिजली, पेयजल सहित अन्य अधोसंरचना निर्माण का कार्य भी शुरू किया जा रहा है. करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न अधोसंरचना निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है. इनमें 30 करोड़ रुपए सड़क निर्माण पर खर्च होंगे. शेष राशि नाली, बिजली, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने पर व्यय किए जाएंगे.

ब्रेकिंग न्यूज

आज नेशनल लोक अदालत

नई दिल्ली, 10 मई (न्यूज चैनल)। देशभर में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिला और व्यवहार न्यायालय भी शामिल हैं। इस अदालत का उद्देश्य आपसी सुलह (राजीनामा) के जरिए लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का त्वरित समाधान करना है। लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद, संपत्ति और जल कर, राजस्व, बैंक ऋण वसूली, विद्युत, दूरसंचार, नगर निगम जैसे विभागों से जुड़े प्रकरणों को शामिल किया गया है। खंडपीठों के माध्यम से इन मामलों का निपटारा किया जाएगा, जिससे न्यायिक प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाकर आम जनता को शीघ्र न्याय उपलब्ध हो सके।

कर्रेगुट्टा नक्सल ऑपरेशन रोकने की खबर

रायपुर, 10 मई (हाईवे चैनल)। भारत-पाकिस्तान के तनाव के मद्देनजर सरकार ने बस्तर के बीजापुर, कर्रेगुट्टा पहाड़ी में चल रहे नक्सल ऑपरेशन को रोकने की खबर मिल रही है। यह विदित हो कि पिछले 2 हफ्ते से अधिक समय से कर्रेगुटा नक्सल ऑपरेशन चल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में नक्सलियों का सफाया हो चुका है और भारी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। इस ऑपरेशन को रोककर सुरक्षा के मद्देनजर सरकार ने जवानों को वापस बुला लिया है।

सुबह-सुबह कांपी धरती, भूकंप के झटके से घरों से निकले लोग

नई दिल्ली, 10 मई (न्यूज चैनल)। दिल्ली-एनसीआर से सटे नोएडा में शनिवार सुबह अचानक धरती कांप उठी। सुबह 8.05 बजे आए भूकंप के झटकों ने लोगों को चौंका दिया। घरों और ऑफिस की दीवारों में कंपन महसूस होने पर कई लोग डर के मारे बाहर निकल आए। हालांकि, कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, इस भूकंप की तीव्रता 3.3 मापी गई और इसका एपिसेंटर नोएडा से 72 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित था। झटकों की गहराई 10 किलोमीटर रही, जिससे कंपन सतह पर हल्के से मध्यम दर्जे का रहा।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, हाईकोर्ट ने गर्मी की छुट्टी रद्द कर दी है।

चुहिया- हां जी, कोर्ट-कचहरी को भला एक-एक माह छुट्टी की क्या जरूरत है?

अनवर ढेबर की याचिका पर 23 मई को सुनवाई 8 डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने की मांग

शराब घोटाला मामला

रायपुर, 10 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में जेल में बंद अनवर ढेबर द्वारा आठ डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाए जाने की मांग की थी. इस आवेदन पर अब 23 मई को सुनवाई होगी. अनवर ढेबर का आरोप है कि ईओडब्लू ने एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए उन्हें झूठे प्रकरण में फंसाया है. विशेष न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले की सुनवाई को 14 दिन के लिए टाल दिया है.

अनवर ढेबर ने अपनी याचिका में जिन 8 डिस्टलरी संचालकों को घोटाले में शामिल बताते हुए आरोपी बनाने की मांग की है, उनमें वेलकम डिस्टलरी, भाटिया वाइन मर्चेंट, छत्तीसगढ़ डिस्टलरी, मैसर्स नेक्स्ट जेनरेशन, दिशिता वेंचर्स, ओम साईं बेवरेज, सिद्धार्थ सिंघानिया और मैसर्स टाप सिक्योरिटी डिस्टलरी के संचालक शामिल हैं. विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सुनवाई को 14 दिन के लिए आगे बढ़ा दिया है.

कवासी लखमा की रिमांड भी बढ़ी

इसके साथ ही शराब मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री एवं सुकमा विधायक कवासी लखमा की न्यायिक रिमांड को भी 23 मई तक के लिए आगे बढ़ा दिया गया है.

इस्लामाबाद में इमरजेंसी हालात, सभी पेट्रोल पंप किए गए

नई दिल्ली, 10 मई (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से एक बड़ी खबर सामने आई है। प्रशासन ने शहर के सभी पेट्रोल और डीजल फिलिंग स्टेशनों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया है। यह कदम अचानक और बिना किसी पूर्व सूचना के उठाया गया, जिससे आम जनता के बीच अफरा-तफरी मच गई है। अधिकारिक तौर पर अभी इस फैसले की वजह नहीं बताई गई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि यह कदम संभावित सुरक्षा कारणों या ईंधन आपूर्ति संकट के मद्देनज़र उठाया गया है। कुछ रिपोर्टों में यह भी आशंका जताई जा रही है कि देश के अंदरूनी हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं और प्रशासनिक नियंत्रण बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। पेट्रोल पंप बंद होने की खबर मिलते ही इस्लामाबाद के कई हिस्सों में लंबी कतारें लग गईं। लोग घबराहट में अपने वाहनों में बचा-खुचा ईंधन भरवाने पहुंचे, लेकिन अधिकांश को मायूसी ही हाथ लगी। स्थानीय नागरिकों ने सोशल मीडिया पर गुस्सा जाहिर किया है और सरकार से जल्द से जल्द स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

उधमपुर, पठानकोट, बठिंडा पर पाकिस्तान ने हमला किया

नई दिल्ली, 10 मई (न्यूज चैनल)। भारत-पाक तनाव के बीच पाकिस्तान की सेना ने पश्चिमी सीमा पर लगातार सैन्य गतिविधियां तेज कर दी हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पाकिस्तान ने युद्ध के नियमों को ताक पर रखकर नागरिक विमानों की आड़ में सैन्य विमानों को उड़ानें संचालित कीं और भारतीय सीमा में मेडिकल केंद्रों और स्कूल परिसरों को जानबूझकर निशाना बनाया। भारत ने इसे अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का घोर उल्लंघन करार दिया है।

केंद्र सरकार ने एक विशेष प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि बीती रात पाकिस्तान ने भारत के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें जम्मू-कश्मीर और पंजाब के प्रमुख केंद्र जैसे उधमपुर, पठानकोट और बठिंडा शामिल हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री, थल सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी। विदेश सचिव ने बताया कि पाकिस्तान की सेना द्वारा की गई यह कार्रवाई उकसावे की श्रेणी में आती है,

घुटनों पर आया घबराया पाकिस्तान,भारत को फोन कर मांगी शांति की भीख

भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच एक अहम जानकारी सामने आई है। दो दिनों के अंदर ही पाकिस्तान काफी घबरा गया है। इसी बीच ऐसी जानकारी सामने आई है कि पाकिस्तान ने भारत में फोन किया है। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने भारत से सीधी बातचीत की इच्छा जताई है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान की ओर से भारतीय अधिकारियों को फोन कर यह आग्रह किया गया है कि मौजूदा हालात को कूटनीतिक तरीके से सुलझाया जाए। यह कदम तब उठाया गया जब भारत की ओर से की गई सख्त कार्रवाई ने पाकिस्तान को चौतरफा दबाव में ला दिया है, न सिर्फ सैन्य स्तर पर बल्कि राजनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर भी। सूत्रों के अनुसार, शनिवार को पाकिस्तान ने भारत से सीधे संपर्क साधा। दोनों देशों के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस के बीच फोन पर बातचीत हुई। यह वार्ता ऐसे समय पर हुई है जब दोनों देशों के बीच सैन्य मुठभेड़ की स्थिति बनी हुई है। पाकिस्तानी डीजीएमओ की ओर से फोन कर इस बातचीत की शुरुआत की गई, जिसमें तनाव कम करने और शांति स्थापित करने पर चर्चा हुई। भारत ने पाकिस्तान की ओर से हो रही उकसावे की हरकतों का कड़ा जवाब दिया है। सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। यही वजह मानी जा रही है कि पाकिस्तान अब टकराव से पीछे हटने और संवाद की राह अपनाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि भारत की ओर से अभी इस बातचीत को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि सरकार पूरी स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है।

साइबर अटैक से निपटने के लिए जारी किए जाएंगे दिशा-निर्देश : गृह मंत्री

भारत-पाक तनाव पर विजय शर्मा ने कहा-साइबर अटैक के लिए हमारी संस्थाएं तैयार

रायपुर, 10 मई (हाईवे चैनल)। भारत और पकिस्तान में जारी तनाव के बीच छत्तीसगढ़ सरकार एक्टिव है। आज पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जा सकते हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र के सभी निर्देशों का पालन कर रहे हैं। राष्ट्रीय विषय है सबको पालन भी करना चाहिए।

पाकिस्तान की ओर से भारत में किए गए हमलों को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान ड्रोन से हमला कर रहा है। यह भारतीय सेना की खूबी है कि भारतीय सेना ने हवा में ही मिसाइल और ड्रोन नष्ट किए है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान समझ लें, अन्यथा अंतिम निर्णय होगा। बौखलाए पाकिस्तान की ओर से सायबर अटैक की आशंका जताई जा रही है। इससे निपटने के लिए आज राज्य गृह विभाग की ओर से दिशा-निर्देश जारी हो सकते हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अगर पाकिस्तान की ओर से सरकारी संस्थानों पर सायबर अटैक होता है तो हमारी संस्थाएं इसके लिए तैयार है। हम मुस्तैदी के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं।

भारतमाला परियोजना घोटाला : जमीन दलाल हरमीत सिंह 14 मई तक न्यायिक हिरासत में, ईओडब्ल्यू की जांच जारी

रायपुर, 10 मई (हाईवे चैनल)। भारतमाला परियोजना से जुड़े 48 करोड़ रुपये के घोटाले में फंसे जमीन दलाल हरमीत सिंह खनूजा को 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने पूछताछ पूरी होने के बाद शुक्रवार को उन्हें विशेष न्यायालय में पेश किया, जहां अदालत ने उसे जेल भेजने की मांग को स्वीकार कर लिया. बता दें कि 25 अप्रैल को ईओडब्ल्यू ने घोटाले की जांच के तहत प्रदेशभर में 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी. छापों के अगले ही दिन यानी 26 अप्रैल को जमीन दलाल हरमीत सिंह खनूजा, केदार तिवारी, उसकी पत्नी उमा तिवारी और विजय जैन को गिरफ्तार कर 1 मई तक रिमांड पर लिया गया था. हरमीत सिंह को छोड़ अन्य तीनों आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका था. अब पूछताछ पूरी होने के बाद हरमीत सिंह को भी 14 मई तक के लिए जेल भेज दिया गया है. ईओडब्ल्यू के मुताबिक मामले की जांच अब भी जारी है. ईओडब्ल्यू इस घोटाले में शामिल अन्य व्यक्तियों की तलाश कर रही है. जांच के दौरान और भी बड़े नाम सामने आ सकते हैं तथा घोटाले से जुड़े नए खुलासों की संभावना जताई जा रही है. छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के तहत राजधानी रायपुर से विशाखपट्टनम तक 950 कि.मी. सड़क निर्माण किया जा रहा है. इस परियोजना में रायपुर से विशाखापटनम तक फोरलेन सड़क और दुर्ग से आरंग तक सिक्स लेन सड़क बनना प्रस्तावित है. इस सड़क के निर्माण के लिए सरकार ने कई किसानों की जमीनें अधिग्रहित की हैं. इसके एवज में उन्हें मुआवजा दिया जाना है, लेकिन कई किसानों को अब भी मुआवजा नहीं मिल सका है. विधानसभा बजट सत्र 2025 के दूसरे